प्रधानमंत्री के सोने की खरीद न करने की अपील से कारोबारी चिंतित, व्यवसाय से जुड़े लोगों में रोजी छिनने का खतरा सता रहा

छिटपुट खरीद भी बंद हुई तो ठप हो जाएगा कारोबार

धंधे पर संकट

रायबरेली, संवाददाता। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सर्राफा की दुकानों पर सहालग का समय होने के बावजूद कारोबार में सन्नाटा पसर गया है। इससे छोटे से लेकर बड़े कारोबारी तक परेशान हैं। कारोबारियों का कहना है कि सर्राफा कारोबार पर ऐसी मंदी छाई है कि कारीगरों और नौकरों का वेतन तो दूर दुकान का किराया निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकि अभी तक छंटनी या दुकानबंदी जैसे हालात तो नहीं बने हैं, लेकिन स्थितियां ऐसी ही रहीं तो यह दिन दूर नहीं है।

दरअसल, सोने और चांदी के दामों में पिछले करीब छह महीने से लगातार उतार-चढ़ाव सर्राफा व्यापारियों के लिए पहले ही परेशानी का कारण बना था, अब पीएम मोदी की एक साल तक गहनों की खरीद-फरोख्त से बचने की अपील ने कारोबारियों की चिंता को और बढ़ा दिया है। कारोबार ठप होने की आशंका से सर्राफा व्यापारी परेशान हैं। शहर में तनिष्क जैसे बड़े ब्राण्ड के शो रूम संचालक ने बताया कि मौजूदा समय में गहनों का कारोबार न के बराबर हो रहा है। इसपर पीएम की अपील से स्थितियां और खराब होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले शो रूम में ग्राहकों की भीड़ रहती थी और करोड़ों का कारोबार होता था, लेकिन बीते छह महीने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शहर के एक प्रतिष्ठित सर्राफा कारोबारी बबलू बाजपेई ने कहा कि वर्तमान में दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों का खर्च नहीं निकल पा रहा है लेकिन सभी पुराने कर्मचारी हैं। उनको छोड़ा भी नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहर के बड़े सर्राफा कारोबारियों के साथ में छोटे कारोबारी अपनी दुकान का खर्च नहीं निकाल पा रहे हैं। सर्राफा बाजार में जिन कारोबारियों के पास अपनी दुकानें हैं। उनको किराए से छूट जरूर मिल रही है, लेकिन छोटे दुकानदारों के पास किराए की दुकानें हैं। ऐसे व्यापारियों को अपनी दुकान का किराया निकालने में परेशानी हो रही है। अगर कारोबार बंद हुआ तो सर्राफा व्यापारियों के सामने भी भुखमरी की समस्या आ सकती है।

मंगलवार को शहर के कैपरगंज में ग्राहक के इंतजार में व्यवसाई।

मंगलवार को शहर के सराफा बाजार में पसरा सन्नाटा।

- सर्राफा कारोबार पर छाया संकट, कारोबारी मायूस
- बड़े से लेकर छोटे कारोबारियों तक दुकानों में पसरा सन्नाटा
- दुकानों के किराए से लेकर कारीगरों का खर्चा निकलना मुश्किल

व्यापारियों को नहीं मिल रहे ग्राहक

शहर से आठ किलोमीटर की दूरी पर भरतगंज बाजार में सोने चांदी का कारोबार करने वाले राजाराम ने बताया कि सोने और चांदी की महंगाई ने दुकान का शटर गिरा दिया है। अब सर्राफा के व्यापार के साथ कपड़ों का कारोबार शुरू किया है। जिससे परिवार का पालन पोषण किया जा सके। राजाराम ने बताया कि डेढ़ साल पहले तक सहालग के समय सर्राफा व्यापार खूब चमकता था। अब सोने-चांदी के दाम बढ़ने से ग्राहक पुराने गहनों को साफ कराकर काम चला रहे हैं। इसके साथ में घर परिवार के लोगों के गहनों को मांगकर उससे काम चला रहे हैं।

काम नहीं मिलने से कारीगर परेशान

सोने चांदी के कारीगरों के पास अब काम नहीं के बराबर रह गया है। जिसके चलते उनको घर का खर्च निकालने में परेशानी हो रही है। सर्राफा के कारीगर विजय सोनी, राजेन्द्र ने बताया कि अब काम नहीं मिलने से दूसरा कार्य करने की तैयारी कर रहे हैं। दूसरे कार्य को लेकर बताया कि रेडीमेड कपड़ों का अथवा आर्टिफिशियल गहनों का काम करने का विचार कर रहे हैं।

300 करोड़ का कारोबार सबसे निचले पायदान पर पहुंचा

सर्राफा एसोसिएशन से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि करीब साल भर पहले तक पूरे जिले में सहालग के समय तकरीबन तीन सौ करोड़ का सर्राफा कारोबार होता था, लेकिन अब यह 50 करोड़ तक पहुंच गया है। इसके पीछे सोने-चांदी के दामों में आया भारी उछाल कारण माना जा रहा था। मौजूदा समय में जितना व्यापार हो रहा है। उससे दुकान का खर्च नहीं निकल पा रहा है। गांव के मध्यम आय वाले लोग चांदी के गहनों पर सोने की पॉलिश करवाकर काम चला रहे हैं। इस बीच चांदी की कीमत में भी भारी उछाल आ गया। इससे कारोबार लगभग चौपट होने की कगार पर आ गया है।

शहर 30 S

एसपी ऑफिस में प्रदर्शन करते नाराज ग्रामीण।

ग्रामीणों का एसपी कार्यालय में प्रदर्शन

अमावां। मिल एरिया थाना क्षेत्र के संदीराम गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के संदीराम गांव में बीते सोमवार की सुबह कुछ दबंगों ने गांव निवासी सियावती व उनके पति राजकुमार को मारपीट कर घायल कर दिया था। इसमें सियावती की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

मंगलवार को छतौना मरियानी में साइकिल के साथ मेधावी।

मेधावी छात्र-छात्राओं को दी गईं साइकिलें

ऊंचाहार। क्षेत्र के एक विद्यालय में मेधावियों को साईकिलें दी गईं। इससे मेधावी बच्चे खुशी से चहक उठे। ब्लॉक रोहनिया के छतौना मरियानी स्थित श्याम सुंदर इंटर कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश सिंह चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में और आवागमन में कोई बाधा न उत्पन्न हो इसलिए पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई है।

पति ने पत्नी की दर्ज कराई गुमशुदगी

शिवगढ़। गुमावां पुलिस चौकी क्षेत्र के गऊघाट चौराहा मजरे मझिगवां गांव के रहने वाले रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़ित का कहना है की बीती सात मई को उसकी पत्नी अचानक कहीं से लापता हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

ताइक्वांडो में आयरा ने झटका स्वर्ण पदक

लालगंज। डॉ. रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की कक्षा एक की छात्रा आयरा गुप्ता ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लखनऊ के जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र, हुसैनाबाद में प्रथम ओपन स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आयरा गुप्ता ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

सड़क परियोजनाओं की भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की गई

रायबरेली,संवाददाता। कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी सरनीत कौर ओबेरा की अध्यक्षता में योजनाओं के लिए की जा रही किसानो की भूमि अधिग्रहण व मुआवजे को लेकर एक बैठक की।

बैठक में डीएम ने किसानों को दिए जाने वाले मुआवजा के साथ अन्य कार्यों की समीक्षा की। बचत भवन के सभागार में डीएम सरनीत कौर ओबेरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में जिले में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, मुआवजा वितरण, अवरोधों तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी की। डीएम ने कहा कि सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

सीएचसी में अल्ट्रासाउंड और ईसीजी जांच ठप

इलाज में संकट

लालगंज,संवाददाता। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वास्थ्य सेवाएं हाँफ रही है। सीएचसी में अल्ट्रासाउंड के साथ ईसीजी मशीन जांच पूरी से ठप पड़ी हुई है। इससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जांच कराने के लिए बाहर खुले प्राईवेट पैथोलॉजी जाना पड़ता है। इसमें उन्हें रुपए भी खर्च करने पड़ते है।

अधिकांश मरीज तो बिना जांच व दवा कराए ही वापस लौट जाते है। सीएचसी की चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे है। गर्मी बढ़ने के साथ ही सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए मरीजों की भी भीड़ बढ़ने लगी है। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में इलाज के लिए मरीज पहुंचते है। इसमें इलाज के लिए आने वाले मरीजों की जांच की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किए जाने का पर्चा जरुर थमा देते है। इससे मजबूरी में मरीजों को बाहर खुले पैथोलॉजी में रुपए खर्च करके जांच कराते है। इसमें अधिकांश मरीज जिला अस्पताल या फिर वह मजबूरी में प्राईवेट अस्पतालों में जाकर इलाज कराने को मजबूर हो रहे है। इस समय उल्टी-दस्त और बुखार से ग्रसित मरीजों की संख्या भी अधिक रहती है। अस्पताल की ओपीडी में 400 से अधिक मरीज पहुंचे, जिससे व्यवस्थाएं पूरी तरह प्रभावित हो गईं।

पंखे व कूलर अस्पताल से नदारद, मरीज परेशान

सीएचसी में इलाज कराने के लिए आने वाले व उनके तीमारदारों को इस भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ता है। अस्पताल परिसर के अंदर पंखे व कूलर नदारत है। यहां तक की तीमारदारों को बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। मरीजों और तीमारदारों को उमस और गर्मी के बीच घंटों इंतजार बाहर खड़े होकर डॉक्टर के पास नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

> अल्ट्रासाउंड के साथ ईसीजी जांच प्रभावित है, अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती किए जाने के बाद जांच की सुविधा मिलेगी।
> - डॉ. अमन कुमार, सीएचसी अधीक्षक

'नर्सिंग मानव सेवा का सबसे बड़ा धर्म'

नर्स दिवस

लालगंज,संवाददाता। मंगलवार को नर्स दिवस के अवसर पर रघुवीर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में भव्य नर्स दिवस 15 वां सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता विशिष्ट अतिथि लालगंज कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह रहे हैं।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार दिक्षित ने किया है। नर्सिंग सेलेबरेशन कार्यक्रम में एएनएम जीएन एम समेत टीचर्स रैप वाक एवं एएन एम छात्राओं नृत्य, कामेडी, मिमिक्री आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर नर्सों की सेवा भावना और समर्पण को सम्मान मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथि ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की निदेशक डा. मोनिका मिश्रा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक नौकरी नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नर्सिंग ऐसा क्षेत्र बन चुका है। इसमें रोजगार की संभावनाएं लगभग शत-प्रतिशत हैं। यही कारण है कि युवाओं का रुझान तेजी से इस क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रघुवीर इंस्टीट्यूट पिछले 15 वर्षों से जनपद में चिकित्सा एवं नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम के रूप में कार्य कर रहा है। डा. मोनिका मिश्रा ने बताया कि संस्थान में अनुभवी फैकल्टी द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल प्रशिक्षण पर जोर दिया जाता है और विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित अस्पतालों में क्लिनिकल ट्रेनिंग देकर वास्तविक चिकित्सा परिस्थितियों से अवगत कराया जाता है।

लालगंज में मंगलवार को नर्स दिवस मनाते लोग।

जिला महिला अस्पताल में विश्व नर्सेज डे मनाया गया

रायबरेली,संवाददाता। मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय में नर्सेज डे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल में तैनात नर्सों ने बड़े की धूमधाम के साथ नर्सेज डे को मनाया।

राजकीय नर्सिंग संघ में विश्व की पहली नर्स सुश्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म दिवस नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा बड़े ही धूमधाम से केक काटकर और कैंडल जलाकर मनाया गया। इसमें सभी नर्सिंग ऑफिसर्स ने फ्लोरेंस नाइटिंगल के बताए हुए मार्ग पर चलने का वचन लिया। इस मौके पर नर्सिंग संघ की जिलाध्यक्ष शशिबाला सिंह, सरोजनी तिवारी, सिस्टर रामलक्ष्मी, आशा वर्मा, अर्चना वर्मा, नीतू द्विवेदी, सुमन सिंह, निरुपम विक्टर, रंजना आदि मौजूद रहे।

जिला महिला अस्पताल में मंगलवार को केक काटतीं नर्सें।

लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदले

ऊंचाहार। एसडीएम विवेक राजपूत ने क्षेत्र के लेखपालों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इसमें तहसील में तैनात एक दर्जन लेखपालों के हल्कों में बदलाव किया गया है।

एसडीएम ने लेखपाल पुष्पेन्द्र कुमार सोनकर को मिर्जापुर ऐहारी व कमालपुर का प्रभार दिया गया है। आदित्य कुमार सिंह को ऊंचाहार मुख्यालय के साथ खोजनपुर और धोवहा की जिम्मेदारी मिली है।

धर्म व जाति के नाम पर बांट रही भाजपा: रंजीत

रायबरेली,संवाददाता। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर वरिष्ठ समाजवादी नेता रंजीत यादव का में सपाईयों द्वारा ऐतिहासिक एवं जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम जनाक्रोश सभा में तब्दील हो गया। जहां समाजवादी नेताओं ने भाजपा सरकार की जनविरोधी, तानाशाही और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला। सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पीडीए एकता जिंदाबाद और भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर आरपी यादव, राजेश मौर्य, सुरेश पटेल, राजीव गौतम ने भी सम्बोधित किया।

मंगलवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रंजीत यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक एवं उपेक्षित अगड़ा समाज की ताकत को एकजुट कर भाजपा की नफरत और झूठ की राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने, संविधान की मूल भावना पर हमला करने और गरीबों की आवाज दबाने का काम किया है। रंजीत यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सामाजिक न्याय और भाईचारे की राजनीति करते हैं। जबकि भाजपा केवल धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटकर सत्ता बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं और नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे हैं। वहीं व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं और मजदूरों का शोषण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक उन्माद और नफरत की राजनीति फैला रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है और आने वाले समय में भाजपा को करारा जवाब देगी। इस मौके पर रविन्द्र सिंह, अखिलेश माही, दिनेश पिंटू, आशीष पटेल, अमित सिंह, बबलू प्रधान, राहुल निर्मल आदि मौजूद रहे।

मंगलवार को राष्ट्रीय सचिव को सम्मानित करते सपाई।

- पीडीए एकता जिंदाबाद व भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लगाया
- भाजपा में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंची

भाकपा व ऐक्टू ने प्रदर्शन के बाद जुलूस निकाला

रायबरेली,संवाददाता। भाकपा की ओर से मंगलवार को विकास भवन में प्रदर्शन किया। इसके बाद जुलूस निकाल डीएम कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में किए गए उल्लेख का निस्तारण किए जाने की मांग की।

भाकपा (माले) जिला सचिव हनोमान अंबेडकर ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मानेसर, गुरुग्राम, फरीदाबाद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ अन्य क्षेत्रों में हड़ताली श्रमिकों पर प्रदेश और हरियाणा में पुलिस द्वारा की गई। क्रूर दमनकारी कार्रवाई निर्दोष श्रमिकों और आम लोगों पर सीधा हमला है। इसमें राज्य तंत्र कॉरपोरेट हितों के लिए खुलेआम काम कर रहा है। यह श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ राज्य समर्थित कॉरपोरेट आक्रमण से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में उत्तरी और मध्य भारत के बड़े हिस्से में संविदा श्रमिकों के अमानवीय शोषण के खिलाफ औद्योगिक श्रमिकों के तीखा प्रतिरोध का दौर देखने को मिला है। हरियाणा और प्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा जल्दबाजी में घोषित की गई। इसमें वेतन वृद्धि भी एक छलावा साबित हुई।

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संक्षिप्त विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) मुख्य परीक्षा–2025** के अन्तर्गत **गृह विज्ञान विषय** की परीक्षा दिनांक–**16.05.2026** को प्रदेश के **लखनऊ** जनपद में आयोजित होनी है। उक्त परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र एवं विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

संख्या– 03/07/ई–6/एल0टी0 ग्रेड/2025–26 — शैलेन्द्र सिंह
दिनांक: प्रयागराज, 11 मई, 2026 — (अनुसचिव)

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संक्षिप्त विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) मुख्य परीक्षा–2025** के अन्तर्गत **गणित विषय** की परीक्षा दिनांक–**17.05.2026** को प्रदेश के **प्रयागराज** जनपद में आयोजित होनी है। उक्त परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र एवं विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

संख्या– 07/10/ई–6/एल0टी0 ग्रेड/2025–26 — शैलेन्द्र सिंह
दिनांक: प्रयागराज, 11 मई, 2026 — (अनुसचिव)

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संक्षिप्त विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) मुख्य परीक्षा–2025** के अन्तर्गत **कृषि/उद्यानकर्म विषय** की परीक्षा दिनांक–**16.05.2026** को प्रदेश के **लखनऊ** जनपद में आयोजित होनी है। उक्त परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र एवं विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

संख्या– 05/09/ई–6/एल0टी0 ग्रेड/2025–26 — शैलेन्द्र सिंह
दिनांक: प्रयागराज, 11 मई, 2026 — (अनुसचिव)

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संक्षिप्त विज्ञप्ति

सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) परीक्षा–2025 के **अंग्रेजी विषय** से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु प्राप्त आवेदन पत्र के सन्निरीक्षोपरांत अन्य कतिपय अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्त किये गये हैं, उनके निरस्तीकरण के कारण सहित विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक 11.05.2026 से उपलब्ध है। उक्त निरस्तीकरण के संबंध में अभ्यर्थीगण दिनांक **14.05.2026** तक अपील कर सकते हैं।

संख्या– 06/06/ई–6/एल0टी0ग्रेड/2025–26 — शैलेन्द्र सिंह
दिनांक: प्रयागराज, 11 मई, 2026 — (अनुसचिव)

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति)–1, लखनऊ
पत्रांक संख्या– मेमो/ रीडर/ नोटिस / 2026
दिनांक : 28 अप्रैल, 2026
वाद संख्यु डी–202610460000859
आईसीआईसीआई हो. फा. कं. बनाम सत्यम जायसवाल आदि
अन्तर्गत धारा–14, अधि.–वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी– 12.05.2026

।। नोटिस ।।

1. सत्यम जायसवाल (लीगल हॉयर सन ऑफ लेट शिवनाथ जायसवाल) पता–फ्लैट नं. 106बी आर अपार्टमेंट, मॉल एवेन्यू रोड, लखनऊ व अन्य पता– पार्ट ऑफ प्लॉट नं. 22 व 23 लैण्ड ऑफ खसरा नं. 223, ग्राम कमता वार्ड, ईस्माइलगंज, लखनऊ व अन्य पता–वार्ड नं. 8, नियर झारखण्डी मंदिर, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश।
2. मालती देवी (लीगल हॉयर वाइफ ऑफ लेट शिवनाथ जायसवाल) पता–फ्लैट नं.–106बी आर अपार्टमेंट, मॉल एवेन्यू रोड, लखनऊ व अन्य पता– पार्ट ऑफ प्लॉट नं. 22 व 23 लैण्ड ऑफ खसरा नं. 223, ग्राम कमता वार्ड, ईस्माइलगंज, लखनऊ व अन्य पता– वार्ड नं. 8 नियर झारखण्डी मंदिर, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश।

उपरोक्त वाद जिलाधिकारी महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप दिनांक 12.05.2026 को समय 10.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित संपत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाए। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जाएगा।

(कमलेश कुमार गोयल)
अपर जिलाधिकारी,
(भूमि अध्याप्ति) – 1, लखनऊ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

बिरनावा शाखा
ग्राम एवं पोस्ट- बिरनवा, तहसील-सलोन,
जिला रायबरेली- 229307,मोब: 7081802170,
e-mail: birnaw@bankofbaroda.com

ई–नीलामी सूचना

चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुर्गत-IV-A [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

ई–नीलामी की तिथि 22-06-2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 20-06-2026 दोपहर 2.00 बजे तक**

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांस्फर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/अग्रिम धनराशि/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	**ऋणकर्ता:- मेसर्स सत्यम ट्रेडर्स, प्रो0 श्री विनोद कुमार यादव पुत्र स्व0 स्वामी दयाल यादव** पता: ग्राम- हाजीपुर, पोस्ट-परसदेपुर, तहसील- सलोन, जिला-रायबरेली। **जमानतकर्ता: श्रीमती राजकली पत्नी स्व0 स्वामी दयाल** निवासी ग्राम- हाजीपुर, पोस्ट-परसदेपुर, तहसील- सलोन, जिला-रायबरेली।	सामिक बंधक गाटा सं. 2117 का भाग एवं खण्ड **क्षेत्रफल: 190.00 वर्ग मीटर** स्थित अहमदपुर नजूल (कृष्णा नगर) तहसील एवं जिला रायबरेली। **मालिक: श्रीमती राजकली पत्नी स्व0 स्वामी दयाल। चौहद्दी: पूरब:** खड़ंजा, **पश्चिम:** विरजू का प्लॉट, **उत्तर:** सीतापति यादव का प्लॉट, **दक्षिण:** सीता देवी पटवा का प्लॉट।	रू. 6,74,352.93 + ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	22.06.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 21,38,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,13,800/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	13.05.2026 से 20.06.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

नोट: सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2) और 8(6) के तहत उप सांविधिक 30 दिनों की बिक्री सूचना हेतु सूचना।
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें- **www.bankofbaroda.in/e-auction.htm & Baanknet**
website: https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता उपरोक्त शाखा में लिखे प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0 7081802170 से सम्पर्क करें।

SCAN HERE

दिनांक: 13.05.2025, स्थान: रायबरेली — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी

पत्रांक:-एम०डी०एम/ 1085-90 /2026-27 — दिनांक - 11/05/2026

विज्ञप्ति / निरस्तीकरण

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी के पत्रांक संख्या एम०डी०एम०/12667-72/2024-25 दिनांक 28.02.2025 को जिला समन्वयक (एम०डी०एम०) एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर (एम०डी०एम०) के एक-एक रिक्त पद पर नवीन चयन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी जिसे जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांक 05.05.2026 के अनुपालन में उक्त विज्ञप्ति को निरस्त किया जाता है

उक्त पदों के नवीन चयन हेतु विज्ञप्ति पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

डॉ० (कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कौशाम्बी